फर्द अहकाम          रजि0 न0 2025/132

(नियम 26)

## नाम अदालत **अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अलवर** मुकाम **अलवर**

### उनवान जागीर सिंह बनाम कश्मीर सिंह

किस्म मुकदमा अपील   नम्बर 11/20/2025 दायर दिनांकः—05.05.2025

| तारीख हुक्म | हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| **11 मार्च 2026** | पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलांट (गोविन्दराम यादव) अनुपस्थित। वकील रेस्पोडेंट (उमाशंकर खण्डेलवाल) उपस्थित। आवाज लगवाई गई, इंतजार किया गया। अपीलांट/वकील अपीलांट अनुपस्थित। इंतजार के बाद पत्रावली का अवलोकन किया गया। अवलोकन से स्पष्ट है कि अपीलांट/वकील अपीलांट को पूर्व में ही न्यायालय द्वारा अपील में पाई गई कमियों की पूर्ति/रजिस्टर्ड नोटिस पेश करने हेतु पर्याप्त अवसर ( दिनांक 15.07.2025 से लगातार) दिए जा चुके हैं। आदेशिका दिनांक 23.02.2026 को भी वकील अपीलांट को 'रजिस्टर्ड नोटिश' पेश करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया था, बाबजूद अंतिम अवसर आज दिनांक तक वकील अपीलांट/अपीलांट द्वारा न तो 'रजिस्टर्ड नोटिश' पेश किया गया है और न ही कोई उचित कारण दर्शाया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि वकील अपीलांट/अपीलांट इस पत्रावली को आगे चलाने में रुचि नहीं रखते हैं। न्यायालय के आदेशों की निरंतर अवहेलना/Non compliance के कारण, यह अपील सुनवाई योग्य नहीं रह गई है।<br><br>अतः 'रजिस्टर्ड नोटिस' पेश न करने के कारण, प्रस्तुत अपील आदेशों की अवहेलना/Non compliance में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील पत्रावली जमा लेख भण्डार हो।<br><br>अतिरिक्त जिला कलक्टर<br>(द्वितीय)—अलवर (राज0) | |